# निवेदन ।

धरणगांवनिवासी **शेठ झूमकराम भगवानसा** दिगम्बरी वीसा आसेवाल, आजसे चारवर्ष पहिले ( वी. सं. २४४३ ) आठसौ रुपये प्रदान कर संस्थाके दानी सहायक हुये थे । यह रकम उन्होंने अपने मृत्युसमय ज्ञानावरणीय कर्मक्षयार्थ जिनवाणीके प्रचारार्थ निकाली थी । तदनुसार "**तत्त्वज्ञानतरंगिणी**" ग्रंथ प्रकाशित किया गया और उसकी आई न्योंछावरसे आज यह दूसरा ग्रन्थ सुलभजैनग्रंथमालामें निकाला जाता है ।

संस्थामें दान किये गये द्रव्यसे दाताकी इच्छानुसार ग्रंथ प्रकाशित कर लागत मात्र न्योछावरसे सर्वसाधारणको दिये जाते हैं और उनकी संपूर्ण द्रव्य उठ आनेपर दूसरा ग्रन्थ छपाया जाता है ।

इसप्रकार एक बार दान देकर सैकडों बर्षोंतक अपनी या अपने कुटुम्बियोंकी कीर्तिलता जीवित रखनेवाले श्रीमानोंको संस्थाके दानी सहायक हो स्वपर कल्याण करना चाहिये ।

**मंत्री.**

# प्रस्तावना.

## ( प्रथम संस्करण )

पाठक महाशय ! हमारी इच्छा थी कि मूल ग्रन्थकर्त्ताका जीवन चरित्र यथाशक्ति संग्रह करके प्रकाशित किया जाय परंतु यथासाध्य अन्वेषण करनेपर भी ग्रन्थकर्त्ताका कुछ भी तथ्य संग्रह नहिं हुवा. विशेष खेदकी बात यह है कि स्वामिकार्त्तिकेय मुनिमहाराज कौनसी शताब्दीमें हुए सो भी निर्णय नहिं हुवा यद्यपि दंतकथापरसे प्रसिद्ध है कि ये आचार्यवर्य विक्रम संवत्से दो तीनसौ वर्ष पहिले हुये हैं. परंतु जबतक कोई प्रमाण न मिले इस दंतकथापर विश्वास नहिं किया जा सक्ता. आचार्योंकी कई पट्टावली भी देखी गईं उनमें भी इनका नाम कहीं पर भी दृष्टिगोचर नहिं हुवा किंतु इस गूंथकी गाथा ३९४ की संस्कृत टीका वा भाषा टीकामें इतना अवश्य लिखा हुवा मिला कि–" स्वामिकार्त्तिकेय मुनि क्रौंचराजाकृत उपसर्ग जीति देवलोक पाया " परंतु क्रौंचराजा कब हुवा और यह वाक्य कौनसे ग्रंथके आधारसे टीकाकारने लिखा है सो हमको मिला नहीं. एक मित्रने कहा कि इनकी कथा किसी न किसी कथा कोषमें मिलेगी. परंतु प्रस्तुत समयतक कोई भी कथाकोश हमारे देखनेमें नहिं आया परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि ये बालब्रह्मचारी आचार्यश्रेष्ठ दो हजार वर्षसे पहिले हो गये हैं. क्योंकि इस ग्रन्थकी प्राकृत भाषा व रचनाकी शैली विक्रमशताब्दीके बने प्राकृत पुस्तकोंसे भिन्न प्रकारकी ही यत्र तत्र दृष्टिगत हुई. प्रचलित आधुनिक प्राकृतभाषाके व्याकरणोंमें भी इस ग्रन्थके आर्षप्रयोगोंकी सिद्धि बहुत कम मिलती है. इसकारण मूल पुस्तकको शुद्ध करनेमें भी सिवाय प्राचीन प्रतियोंके कोई साधन प्राप्त नहिं हुवा है ।

भाषामें नहीं है. क्योंकि यह भाषा बहुत सरल है तथा इस भाषाके हजारों ग्रंथ समस्त देशोंके बडे २ जैनमंदिरोंमें मोजूद हैं तथा बडे २ शहरों और ग्रामोंके पढे लिखे जैनी भाई नित्यशः स्वाध्याय भी करते रहते हैं. अतएव इस प्राचीन भाषाका अनादर नहिं करकें इस भाषामें ही ग्रन्थोंका छापना युक्तिसंगत समझकर इस ग्रंथको नवीन भाषामें परिवर्तन नहिं किया गया किन्तु खास विद्वद्वर्य पंडित जयचन्द्रजीकी भाषामें ही छपाया है. परंतु प्रमादवशतः यत्र तत्र इस भाषासंबंधी नियमोंका पालन नहि हुवा हो तो जयपुर निवासी विद्वद्गण क्षमाकरेंगे।

मुम्बयी — जैनीभाइयोंका दास,

ता. १-१०-१९०४ ई० — पन्नालाल बाकलीवाल.

## वक्तव्य।

इस ग्रंथकी पहिली आवृत्ति नहीं मिल सकनेके कारण हमने सर्व साधारणके हितार्थ यह सुलभ संस्करण कराया है। पहिले गाथाओंके नीचे छाया थी वह इस बार नहीं छपाई गई क्यों कि संस्कृतज्ञ थोडासा ही परिश्रम करनेसे गाथाओं द्वारा भी अपना प्रयोजन सिद्ध कर सकते हैं। संशोधनमें यथाशक्ति सावधानी रक्खी हैं पं० जयचंद्रजी कृत पीठिका और विषय सूची साथमें छपाकर पहिली त्रुटि दूर करदी गई है।

आशा है पाठक गण! इस संसारके सच्चे स्वरूपको बतलानेवाले मनकी चंचलताके निवारक ग्रन्थका स्वाध्याय कर वास्तविक शांतिका लाभ करेंगे।

मंत्री.

# पीठिका ।

अब यामें प्रथम ही पीठिका लिखिए है । तहां प्रथम ही मंगलाचरण गाथा एकमें करि बहुरि गाथा दोयमें बारह अनुप्रेक्षाका नाम कहे हैं । पीछै उगणीस गाथामें अध्रुवानुप्रेक्षाका वर्णन किया । पीछे अशरण अनुप्रेक्षाका वर्णन गाथा नवमें किया । पीछै संसार अनुप्रेक्षाका वर्णन गाथा बियालीसमें किया है । तहां च्यारि गति दुःखका वर्णन, संसारकी विचित्रताका वर्णन, पंच प्रकार परावर्तन रूप भ्रमणका वर्णन है । बहुरि पीछे एकत्वानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा छहमें किया । पीछे अन्यत्वानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा तीनमें किया । पीछै अशुचित्वानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा पांचमें किया है । पीछे आस्रवानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा सातमें किया है । पीछै संवरानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा सातमें किया है । पीछे निर्जरानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा तेरामें किया है । पीछै लोकानुप्रेक्षाका वर्णन गाथा एकसौ अडसठमें कीया है । तहां यहु लोक षट्द्रव्यनिका समूह है । सो आकाशद्रव्य अनंता है ताके मध्य जीव अजीव द्रव्य है ताकूं लोक कहिये है । सो पुरुषाकार चौदह राजू ऊंचा घनरूप क्षेत्रफल कीए तीनसै तियालीस राजू होय है । ऐसैं कहिकरि पीछै कह्या है जो यह जीव अजीव द्रव्यनितैं भरया है । तहां प्रथम जीव द्रव्यका वर्णन किया है । ताके अठ्याणवै जीव समास कहे हैं, पीछै पर्याप्तिनिका वर्णन है । बहुरि तीन लोकमें जो जीव जहां जहां वसै हैं तिनका

वर्णन करि तिनकी संख्याका कही है ताका अल्प बहुत्व कह्या है। बहुरि आयु कायका परिमाण कह्या है। बहुरि अन्यवादी केई जीवका स्वरूप अन्य प्रकार मानै हैं, तिनिका युक्ति करि निराकरण किया है। बहुरि अंतरात्मा बहिरात्मा परमात्माका वर्णन करि कह्या है—जो अंतरतत्त्व तो जीव है अर अन्य सर्व बाह्य तत्त्व हैं। ऐसैं कहि करि जीवनिका निरूपण समाप्त किया है। पीछै अजीवका निरूपण है। तहां पुद्गल द्रव्य धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाशकाल द्रव्यका वर्णन किया है। बहुरि द्रव्यनिके परस्पर कारण कार्य भावका निरूपण किया है। बहुरि कह्या है जो द्रव्य सर्व ही परिणामी द्रव्य पर्यायरूप हैं ते अनेकान्त स्वरूप हैं। अनेकान्त विना कार्य कारण भाव नाहीं बनै है। कारण कार्य विना काहेका द्रव्य? ऐसैं कह्या है। बहुरि द्रव्य पर्यायका स्वरूप कहिकरि पीछै सर्व पदार्थकूं जाननेवाला प्रत्यक्ष परोक्ष स्वरूप ज्ञानका वर्णन किया है। बहुरि अनेकान्त वस्तुका साधनेवाला श्रुतज्ञान है, ताके भेद नय हैं। ते वस्तुकूं अनेक धर्मस्वरूप साधै हैं तिनिका वर्णन है। बहुरि कह्या है जो प्रमाण नयनितैं वस्तुकूं साधि मोक्षमार्गकूं साधै हैं ऐसे तत्त्वके सुननेवाले, जाननेवाले, भावनेवाले विरले हैं विषयनिके वशीभूत होनेवाले बहुत हैं। ऐसे कहिकरि लोकभावनाका कथन संपूर्ण किया है। बहुरि आगें बोधदुर्लभानुप्रेक्षाका वर्णन अठारह गाथानिमैं कीया है। तहां निगोदतैं लेकरि जीव अनेक पर्याय सदा

पाया करै है। ते सर्व सुलभ हैं। अर सम्यग्ज्ञान चारित्र स्वरूप मोक्षका मार्गका पावना अति दुर्लभ है। ऐसैं कह्या है। आगैं धर्मानुप्रेक्षाका वर्णन एकसौ छत्तीस गाथामें है, तहां निवै गाथामें तो श्रावक धर्मका वर्णन है। तामैं छत्ती-स गाथामें तो अविरत सम्यग्दृष्टीका वर्णन है। पीछैं दोय गाथामें दर्शन प्रतिमाका, इकतालीस गाथामें व्रतप्रतिमाका, तिनमें पांच अणुव्रत तीन गुणव्रत, च्यारि शिक्षाव्रत ऐसे बारह व्रतनिका, दोय गाथामें सामायिक प्रतिमाका, छह गाथामें प्रोषध प्रतिमाका, तीन गाथामें सचित्त त्याग प्रति-माका, दोय गाथामें अनुमति त्याग प्रतिमाका दोय गाथा-में उद्दिष्ट आहार त्याग प्रतिमाका, ऐसैं ग्यारा प्रतिमाका वर्णन है। बहुरि बियालीस गाथामें मुनिके धर्मका वर्णन है। तहां रत्न त्रयकरि युक्त मुनि होय उत्तम क्षमा आदि दश लक्षण धर्मकूं पालै, तिन दश लक्षणका जुदा २ वर्ण-न है। पीछैं अहिंसा धर्मकी बडाई वर्णन है। बहुरि फेरि कह्या है जो धर्म सेवना सो पुण्य फलके अर्थि न सेवना, मोक्षके अर्थि सेवना। बहुरि शंका आदि आठ दूषण हैं सो धर्ममें नाहीं राखणा। निशंकित आदि आठ अंग सहित धर्म सेवना, ताका जुदा जुदा वर्णन है। बहुरि धर्मका फल माहात्म्य वर्णन किया है। ऐसैं धर्मानुप्रेक्षाका वर्णन समाप्त कीया है। बहुरि आगैं धर्मानुप्रेक्षाकी चूलिका स्वरूप बारह प्रकार तप है। तिनिका जुदा जुदा वर्णन है। ताकी गाथा इक्यावन हैं। बहुरि तीन गाथामें कर्ता अपना कर्तव्य प्रगटकरि अन्त मंगल करि ग्रन्थ समाप्त किया है। सर्व गाथा च्यारिसै निवै हैं ऐसैं जानना।

छविहा सुहमा जीवा लोयायासे वि सव्वत्थ १२३॥

भाषार्थ–जे जीव आधारसहित हैं, ते तो स्थूल कहिये वादर हैं. ते पर्याप्त हैं. बहुरि अपर्याप्त भी हैं। बहुरि जे लोकाकाशविषै सर्वत्र अन्य आधाररहित हैं ते जीव सूक्ष्म हैं ते छह प्रकार हैं।

आगें वादर सूक्ष्म कूंन कूंन हैं सो कहै हैं,—

पुढवीजलग्गिवाऊ चत्तारि वि होंति वायरा सुहमा।
साहारणपत्तेया वणप्फदी पंचमा दुविहा॥ १२४॥

भाषार्थ–पृथ्वी जल अग्नि वायु ये च्यारि तो वादर भी हैं तथा सूक्ष्म भी हैं बहुरि पांचई वनस्पति है सो प्रत्येक साधारण भेद करि दोय प्रकार है।

आगें साधारण प्रत्येककैं सूक्ष्मपणाकूं कहै हैं,--

साहारणा वि दुविहा अणाइकाला य साइकाला य।
ते वि य वादरसुहमा सेसा पुण वायरा सव्वे १२५॥

भाषार्थ–साधारण जीव दोय प्रकार हैं. अनादिकाला कहिये नित्य निगोद सादिकाला कहिये इतर निगोद ते दोऊं हू वादर भी हैं सूक्ष्म भी हैं बहुरि शेष कहिये प्रत्येक वनस्पती वा त्रस ते सर्व वादर ही हैं। भावार्थ–पूर्वैं कह्या जो सूक्ष्म छह प्रकार हैं ते पृथ्वी जल तेज वायु तो पहली गाथा में कहे. बहुरि नित्य निगोद इतर निगोद ए दोय ऐसैं छह

भाषार्थ—तिस शक्ति प्रवृत्तिकी पूर्णताकूं कारण जे पुद्गलके स्कंध तिनकी प्रगटपणैं निष्पत्ति कहिये पूर्णता होना ताकूं पर्याप्ति ऐसा जिनेन्द्रदेवने कह्या है।

आगें पर्याप्त निर्वृत्त्यपर्याप्तके कालकूं कहै हैं,—

पंज्जत्तिं गिह्णंतो मणुपज्जत्तिं ण जाव समणोदि।
ता णिव्वत्तिअपुण्णो मणुपुण्णो भण्णदे पुण्णो ॥१३६॥

भाषार्थ—यह जीव पर्याप्तिकूं ग्रहण करता संता जेतैं मनःपर्याप्तिकूं पूर्ण न करै तेतैं निर्वृत्त्यपर्याप्त कहिये. बहुरि जब मनःपर्याप्ति पूर्ण होय तब पर्याप्त कहिये. भावार्थ—इहां सैनी पंचेन्द्रिय जीवकी अपेक्षा मनमें धारि ऐसैं कथन किया है. अन्य ग्रन्थनिमें जेतैं शरीर पर्याप्ति पूर्ण न होय तेतैं निर्वृत्त्यपर्याप्त है. ऐसैं कथन सर्व जीवनिका कह्या है।

आगें लब्ध्यपर्याप्तका स्वरूप कहै हैं,—

उस्सासट्ठारसमे भागे जो मरदि ण य समाणोदि।
एका वि य पज्जत्ती लद्धिअपुण्णो हवे सो दु ॥१३७॥

भाषार्थ—जो जीव स्वासके अठारवैं भागमें मरै एक भी पर्याप्ति पूर्ण न करै सो जीव लब्ध्यपर्याप्तिक कहिये।

---

१ पज्जत्तस्स य उदये णिय णिय पज्जत्ति णिट्ठिदो होदि।
जाव सरीरमपुण्णं णिव्वत्तियपुण्णगो ताव ॥ १ ॥
तिण्णसया छत्तीसा छावट्ठीसहस्सगाणि मरणानि।
अंतोमुहुत्तकाले तावदिया चेव खुद्दभवा ॥ २ ॥
सीदीसट्ठातालं वियले चउवीस होंति पंचक्खे।

भाषार्थ- जो मन वचन काय इन्द्रिय स्वासोस्वास आयु है तिनके संयोगतैं तौ उपजै जीवै, बहुरि इनिके वियोगतैं मरै ते प्राण कहिये. ते दश हैं. भावार्थ—जीव ऐसा

---

उसको निर्वृत्त्यपर्याप्तक कहते हैं । भावार्थ—जो पर्याप्ति कर्मका उदय होनेसे लब्धि ( शक्ति ) की अपेक्षासे पर्याप्त है किंतु निर्वृत्ति ( शरीरपर्याप्ति बनने ) की अपेक्षा पूर्ण नहीं है वह निर्वृत्त्यपर्याप्तक कहलाता है ॥ १ ॥

लब्ध्यपर्याप्तक जीवके एक अंतर्मुहूर्तमें ६६३३६ क्षुद्रजन्म होते हैं और उतने ही क्षुद्रमरण होते हैं ॥ २ ॥

अंतर्मुहूर्तकालमें द्वीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक ८०, त्रीन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक ६०, चतुरिंद्रिय लब्ध्यपर्याप्तक ४०, और पंचेंद्रिय लब्ध्यपर्याप्तक २४ मरण करते हैं तथा जन्म लेते हैं। एकेंद्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीव उतने ही समयमें ६६१३२ जन्म मरण करते हैं (इसप्रकार एकेंद्रिय, विकलेंद्रिय तथा पंचेंद्रियके समस्त भवोंको मिलानेसे ६६३३६ क्षुद्रभव होते हैं ) ॥३॥

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, ये चारों ही बादर और सूक्ष्म इस प्रकार आठ भेद हुए तथा बादरसाधारण, सूक्ष्मसाधारण और प्रत्येक इस प्रकार तीन भेद वनस्पतीके हुये। इन ग्यारह प्रकारके एकेंद्रिय जीवोंमें हर एक जीवके एक अंतर्मुहूर्तमें ६०१२ जन्म मरण होते हैं इसप्रकार सबोंका योग करनेसे एकेंद्रिय जीवोंके ६६१३२ भव होते हैं ॥ ४ ॥

भाषार्थ—वेइंद्रिय तेइंद्रिय चौइंद्रिय पंचेंद्रिय पर्याप्त जीवनिका जघन्य देह घन अंगुलके असंख्यातवें भाग है. सो भी ऊपरि ऊपरि संख्यात गुणे हैं. भावार्थ—वेइंद्रियका देहतैं संख्यातगुणा तेइंद्रियका देह है. तेइंद्रियतैं संख्यातगुणा चौइंद्रियका देह है. तातैं संख्यात गुणा पंचेंद्रियका है ॥ १७४ ॥

आगें जघन्य अवगाहनाका धारक वेइंद्रिय आदि जीव कौन कौन हैं सो कहै हैं—

आणुधरीयं कुंथं मच्छाकाणा य सालिसिच्छो य ।
पज्जत्ताण तसाणं जहण्णदेहो विणिद्दिट्ठो ॥ १७५ ॥

भाषार्थ—वेइंद्रियमें तो अणुद्धरी जीव, तेइंद्रियमें कुंथु जीव, चौइंद्रियमें काणमक्षिका, पंचेंद्रियमें शालिसिक्थक नामा मच्छ इनि त्रस पर्याप्त जीवनिकैं जघन्य देह कह्या है ॥ १७५ ॥

आगें जीवका लोक प्रमाण अर देहप्रमाणपणा कहै हैं ।

लोयपमाणो जीवो देहपमाणो वि अत्थिदे खेत्ते ।
ओगाहणसत्तीदो संहरणाविसप्पधम्मादो ॥ १७६ ॥

भाषार्थ—जीव है सो लोक प्रमाण है. बहुरि देहप्रमाण भी है जातैं संकोच विस्तार धर्म यामें पाइये है. ऐसी अवगाहनाकी शक्ति है. भावार्थ—लोकाकाशके असंख्यात प्रदेश हैं. सो जीवके भी एते ही प्रदेश हैं केवल समुद्घात करै तिस काल लोकपूरण होय . बहुरि संकोचविस्तारशक्ति यामें है

परमप्पा वि य दुविहा अरहंता तह य सिद्धा य ॥

भाषार्थ—जीव बहिरात्मा अन्तरात्मा परमात्मा ऐसैं तीन प्रकार हैं बहुरि परमात्मा भी अरहन्त तथा सिद्ध ऐसैं दोय प्रकार हैं ॥ १९२ ॥

अब इनिका स्वरूप कहै हैं तहां बहिरात्मा कैसा है सो कहै हैं—

मिच्छत्तपरिणदप्पा तिव्वकसाएण सुट्ठु आविट्ठो ।
जीवं देहं एक्कं मण्णंतो होदि बहिरप्पा ॥ १९३ ॥

भाषार्थ—जो जीव मिथ्यात्व कर्म्मका उदयरूप परिणम्या होय बहुरि तीव्र कषाय अनन्तानुबन्धीकरि सुष्ठु कहिये अतिशयकरि युक्त होय इस निमित्तैं जीवकूं अर देहकूं एक मानता होय सो जीव बहिरात्मा कहिये. भावार्थ—बाह्य पर द्रव्यको आत्मा मानै सो बहिरात्मा है. सो यह मानना मिथ्यात्व अनन्तानुबंधी कषायके उदयकरि होय है तातैं भेदज्ञानकरि रहित हूवा संता देहकं आदिदेकरि समस्त परद्रव्यविषै अहंकार ममकारकरि युक्त हूवा सन्ता बहिरात्मा कहावै है ॥ १९३ ॥

आगें अंतरात्माका स्वरूप तीन गाथानिकरि कहै हैं—

जे जिणवयणे कुसलो भेदं जाणंति जीवदेहाणं ।
णिज्जियदुट्ठट्ठमया अंतरअप्पा य ते तिविहा ॥

आगें द्रव्यनिके व्यय उत्पाद कहा है सो कहै हैं,—

पडिसमयं परिणामो पुव्वो णस्सेदि जायदे अण्णो ।
वत्थुविणासो पढमो उववादो भण्णदे विदिओ ॥२३८॥

भाषार्थ—जो वस्तुका परिणाम समयसमयप्रति पहलै तो विनसै है अर अन्य उपजै है सो पहला परिणामरूप वस्तुका तौ नाश है, व्यय है. अर अन्य दूसरा परिणाम उपज्या ताकूं उत्पाद कहिये. ऐसैं व्यय उत्पाद होय हैं।

आगें द्रव्यकै ध्रुवपणाका निश्चय कहै हैं,—

णो उप्पजदि जीवो दव्वसरूवेण णेय णस्सेदि ।
तं चेव दव्वमित्तं णिच्चत्तं जाण जीवस्स ॥ २३९ ॥

भाषार्थ—जीव द्रव्य है सो द्रव्यस्वरूपकरि नाशकूं प्राप्त न होय है अर नाहीं उपजै है सो द्रव्यमात्रकरि जीवकै नित्यपणा जाणूं. भावार्थ—यह ही ध्रुवपणा है जो जीव सत्ता अर चेतनताकरि उपजै विनसै नाहीं, नवा जीव कोई नाहीं उपजै है विनसै भी नाहीं है ॥ २३९ ॥

आगैं द्रव्यपर्यायका स्वरूप कहै हैं,—

अण्णइरूवं दव्वं विसेसरूवो हवेइ पज्जाओ ।
दव्वं पि विसेसेण हि उप्पज्जदि णस्सदे सतदं ॥२४०॥

भाषार्थ—जीवादिक वस्तु अन्वयरूपकरि द्रव्य है सो ही विशेषकरि पर्याय है. बहुरि विशेषरूपकरि द्रव्य भी निरंतर उपजै विनसै हैं. भावार्थ—अन्वयरूप पर्यायनिविषै सामान्य

अपना विषय है तेते विशद स्पष्ट जानै हैं सर्वकूं न जानै, तातैं एकदेश कहिये. बहुरि मतिज्ञान है सो इन्द्रियमनकरि उपजै है तातैं व्यवहारकरि इन्द्रियनिके संबंधतैं विशद भी कहिये. ऐसैं प्रत्यक्ष भी है परमार्थतैं परोक्ष ही है. बहुरि श्रुतज्ञान है सो परोक्ष ही है जातैं यह विशद स्पष्ट जानै नाहीं ॥

आगें इन्द्रियज्ञान योग्य विषयकूं जानै है ऐसैं कहै हैं.—

इंदियजं मादिणाणं जुग्गं जाणेदि पुग्गलं दव्वं ।
माणसणाणं च पुणो सुयविसयं अक्खविसयं च ॥

भावार्थ—इन्द्रियनितैं उपज्या जो मतिज्ञान सो अपने योग्य विषय जो पुद्गल द्रव्य ताकूं जाणै है. जिस इन्द्रियका जैसा विषय है तैसैं ही जाणै है. बहुरि मनसम्बधी ज्ञान है सो श्रुतविषय कहिये शास्त्रका वचन सुणै ताके अर्थकूं जानै है. बहुरि इन्द्रियकरि जानिये ताकूं भी जानै है ॥२५८॥

आगें इंद्रियज्ञानके उपयोगकी प्रवृत्ति अनुक्रमतैं है ऐसैं कहै हैं,—

पंचेंदियणाणाणं मज्झे एगं च होदि उवजुत्तं ।
मणणाणे उवजुत्ते इंदियणाणं ण जाएदि ॥ २५९ ॥

भावार्थ—पांचूं ही इंद्रियनिकरि ज्ञान हो है सो तिनिमेंसूं एकेन्द्रियद्वारकरि ज्ञान उपयुक्त होय है. पांचूं ही एक काल उपयुक्त होय नाहीं. बहुरि मनःज्ञानकरि उपयुक्त होय तब इन्द्रियज्ञान नाहीं उपजै है. भावार्थ—इन्द्रिय मनसम्बन्धी

आगें ऐसैं क्रूर परिणामीनिका नरकपात होय है, ऐसे कहे हैं--

सो तिव्वअसुहलेसो णरये णिवडेइ दुक्खदे भीमे ।
तत्थ वि दुक्खं भुंजदि सारीरं माणसं पउरं ॥२८८॥

भाषार्थ—क्रूर तिर्यंच होय सो तीव्र अशुभ परिणामकरि अशुभ लेश्या सहित मरि नरकमें पडै है. कैसा है नरक दुःखदायक है भयानक है तहां शरीरसम्बन्धी तथा मनसम्बधी प्रचुर दुःख भोगवै है ॥ २८८ ॥

आगें कहै हैं तिस नरकतैं नीसरि तिर्यंच होय दुःख सहै है,—

तत्तो णीसारिऊणं पुणरवि तिरिएसु जायदे पावं ।
तत्थ वि दुक्खमणंतं विसहदि जीवो अणेयविहं २८९

भाषार्थ—तिस नरकतैं नीसरि फेरि भी तिर्यंच गतिविषै उपजै है तहां भी पापरूप जैसैं होय तैसैं यह जीव अनेक प्रकारका अनन्त दुःख विशेषकरि सहै है ॥ २८९ ॥

आगें कहै हैं कि मनुष्यपणा पावना दुर्लभ है सो भी मिथ्याती होय पाप उपजावै है,—

रयणं चउप्पहेपिव मणुअत्तं सुट्ठु दुल्लहं लहिय ।
मिच्छो हवेइ जीवो तत्थ वि पावं समज्जेदि ॥२९०॥

भाषार्थ—तिर्यंचतैं नीसरि मनुष्यगति पावणा अति दुर्ल्लभ है. जैसैं चौपथमें रत्न पड्या होय सो बडा भाग्यतैं हाथ

समान होय है. बहुरि हलाहल जो जहर सो भी अमृतसमान परिणवै है, बहुत कहा कहिये महान् बडी आपदा भी संपदा होय जाय है ॥ १ ॥

आलियवयणं पि सच्चं उज्जमरहिये वि लच्छिसंपत्ती।
धम्मपहावेण णरो अणओ वि सुहंकरो होदि ३२

भाषार्थ—धर्मके प्रभावकरि जीवके झूंठ वचन भी सत्य वचन होय हैं. बहुरि उद्यम रहितके भी लक्ष्मीकी प्राप्ति होय है बहुरि अन्यान्य कार्य भी सुखका करनहारा होय है भावार्थ—इहां यह अर्थ जानना जो पूर्वै धर्म सेया होय तौ ताके प्रभावतैं इहां झूंठ बोलै सो भी सांची होय जाय. उद्यमविना भी संपत्ति मिलै, अन्याय चालै तौ भी सुखी रहै. अथवा कोई झूंठ वचनका तूदा ( वायदा ) लगावै तौ बीजमें (अंतमें) सांचा होय, अन्याय कीया लोक कहै है तौ न्यायवालेकी सहाय ही होय ऐसा भी जानना।

आगें धर्मरहित जीवकी निंदा कहै हैं,—

देवो वि धम्मचत्तो मिच्छत्तवसेण तरुवरो होदि।
चक्की वि धम्मरहिओ णिवडइ णरए ण संपदे होदि

भाषार्थ—धर्मकरि रहित जीव हैं सो मिथ्यात्वका वसकरि देव भी वनस्पतिका जीव एकेन्द्रिय आय होय है. बहुरि चक्रवर्ती भी धर्मकरि रहित होय तब नरकविषै पडै है जातैं पाप है सो संपदाके अर्थ नाहीं है।

न करावै दोष करता होय ताकूं इष्ट भला न जाणै तिसकै उत्कृष्ट विशुद्धि होय है. भावार्थ—इहां विशुद्धि नाम प्रायश्चित्तका है जातैं 'प्रायः' शब्दकरि तौ प्रकृष्ट चारित्रका ग्रहण है ऐसा चारित्र जाकै होय सो 'प्रायः' कहिये साधु लोक ताका चित्त जिस कार्यविषै होय है सो प्रायश्चित्त कहिये, सो आत्माकै विशुद्धि करै सो प्रायश्चित्त है बहुरि दूसरा अर्थ ऐसा भी है जो प्रायः नाम अपराधका है ताका चित्त कहिये शुद्ध करना सो भी प्रायश्चित्त कहिये. ऐसैं पूर्वैं कीये अपराधतैं जातैं शुद्धता होय सो प्रायश्चित्त है. ऐसैं जो मुनि मनवचनकाय कृतकारितअनुमोदनाकरि दोष नाहीं लगावै ताकै उत्कृष्ट विशुद्धता होय. यही प्रायश्चित्त[1] नामा तप है ॥ ४४९ ॥

अह कहवि पमादेण य दोसो जदि एदि तं पि पयडेदि
णिद्दोससाहुमूले दसदोसविवज्जिदो होदुं ॥ ४५० ॥

भाषार्थ—अथवा कोई प्रकार प्रमादकरि अपने चारित्रमें दोष आया होय तौ ताकूं निर्दोष जे साधु आचार्य उनकै निकट दश दोषवर्जित होयकरि प्रकट करै आलोचना करै. भावार्थ—अपने चारित्रमें दोष प्रमादकरि लग्या होय तौ

१ यत्याचारोक्तं दशप्रकारं प्रायश्चित्तं ।

१ आलोयण पडिकमणं उभय विवेगो तहा विओसग्गो ।
तवछेदो मूलं पि य परिहारो चेव सद्दहणं ॥

# लब्धिसार क्षपणासारजी।

## ( भाषा और संस्कृतटीका सहित )

भगवान नेमिचन्द्राचार्य जब गोमट्टसारजी सिद्धांतग्रंथकी रचना कर चुके और उसमें केवल बीस प्ररूपणाओंका तथा जीवको अशुद्ध दशामें रखनेवाले कर्मोंका ही वर्णन आ पाया तो उनने सांसारिक दशासे मुक्त होनेकी रीतिका भी वर्णन करना उपयुक्त समझा। बस! इसी बातका इस ग्रन्थमें सविस्तर वर्णन है। यदि आपने अपनी अनन्त कालसे संसारमें परिभ्रमणकर प्राप्त हुई पर्यायोंका दिग्दर्शन कर लिया है, यदि आपने उन अशुद्ध वैभाविक पर्यायोंको उत्पन्न करानेवाले वास्तविक कर्मरूपी शत्रुओंकी समस्त सेनाको पहिचान लिया है तो आपका सबसे पहिले यह कर्तव्य है कि आप अपनी शुद्ध दशा होनेकी रीति जो आचार्य महाराजने इस ग्रन्थमें बतलाई है, उसका मनन अध्ययन करें। पुष्ट कागज, मोटे अक्षरोंमें पं० टोडरमल्लजी कृत भाषा भाष्य और संस्कृतटीका सहित है। पृष्ठ संख्या ११०० सौ। न्योछावर १२॥) पोष्टेज १।) जुदा।

जिन भाइयोंने गोमट्टसारजी पूर्ण लिये हैं उनको तो अवश्य ही यह ग्रंथ मंगाना चाहिये। न्योछावर उनके लिए १०) रु० ही है। पोष्टेज जुदा।

